BYJU'S EXAM PREP

Daily Editorial Analysis

तेजस कौशल प्रशिक्षण परियोजना

तेजस कौशल परियोजना (TEJAS Skilling Project)

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा 27 मार्च, 2022 को दुबई एक्सपो में 'तेजस' (Training for Emirates Jobs And Skills: TEJAS) कौशल परियोजना का शुभारंभ किया। 'तेजस' प्रोजेक्ट, स्किल इंडिया अंतरष्ट्रीय परियोजना (Skill India International Project, SIIP) के तहत भारतीयों को प्रशिक्षित करने की एक पहल है ताकि उन्हें विदेशों में रोजगार मिल सके।

तेजस कौशल परियोजना से जुडी संस्थाएं

- भारत के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ((National Skill Development Corporation, NSDC)
- खाड़ी देशों से
  - ईएफएस (EFS)
  - डल्सको (Dulsco)
  - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (Artificial Intelligence Organization)
  - फ्यूचरमिलेज (FutureMilez)
  - लुलु इंटरनेशनल एक्सचेंज (Lulu International Exchange)
  - ईडीआई (ED)
  - प्राइम हेल्थ ग्रुप (Prime Health Group)

तेजस कौशल परियोजना के उद्देश्य

WWW.BYJUSEXAMPREP.COM

- तेजस कौशल परियोजना का मुख्य उद्द्येश्य विदेशों में भारतीयों के कौशल को निखारना तथा उन्हें वहां पर रोजगार प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाना है।
- भारतीय श्रमबल या कामगारों को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कौशल और बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने हेतु उनका मार्ग प्रशस्त करना है।
- तेजस का लक्ष्य प्रारंभिक चरण के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में 10,000 मजबूत भारतीय श्रमबल तैयार करना है।

तेजस कौशल परियोजना के लाभ

- इस परियोजना के द्वारा विदेशों में भारतीय आबादी को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- यह परियोजना भारत के कार्यबल की कुशलता को निखारने का काम करेगी।
- तेजस परियोजना संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच एक संयुक्त मार्ग का कार्य भी करेगी जो भारतीय कार्य बल को यूएई के बाजार की जरूरतों के अनुसार सक्षम बनाया जा सकेगा।
- यह भारतीय युवाओं के कौशल को बढ़ाने के लिए एक उत्प्रेरक का कार्य करेगी।

BYJU'S EXAM PREP